बुरहानपुर
मंगलवार, 18 मार्च 2025
भाइ दोज - 03
वर्ष :02,अंक: 107
पृष्ठ: 04 मूल्य: 5.00

मौसम
अधि. 38
न्यूल. 18

दैनिक
# प्रदेश स्वराज
आपकी खबर, आपकी आवाज़
जिला- बुरहानपुर (मध्य-प्रदेश) से प्रकाशित एवं उत्तर-प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात मे एक साथ प्रसारित...

R.N.I. No. MPHIN/2023/89085

सुविचार
"जो व्यक्ति जरूरत से ज्यादा ईमानदार होता है, वह जिंदगी में अधिक परेशानियों का सामना करता है।"

E-paper: www.pradeshswaraaj.com | E-mail: pradeshswaraj25@gmail.com | प्रधान संपादकः दिनेश शिवहरे *

## मुख्यमंत्री ने किया कसौधन वैश्य कल्याण स्मारिका का विमोचन
## वैश्य कल्याण के लिए कार्य करें कसौधन समाज: योगी आदित्यनाथ

संजय कुमार, स्थानीय संपादक
75220 05202
प्रदेश स्वराज

श्री कसौधन वैश्य कल्याण समिति महानगर गोरखपुर के पदाधिकारियों ने गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा वैश्य कल्याण स्मारिका का विमोचन कराया मंदिर में सभा अध्यक्ष अशोक गुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे सभी पदाधिकारी एवं राम दरबार स्मृति चिन्ह प्रदान कर मुख्यमंत्री का सम्मान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समिति के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त कर सभी से कुशल क्षेम पूछा और वैश्य समाज के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करने को कहा नई टीम गठन की सराहना कर बधाई दी एवं अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि संगठन सामाजिक कार्य करते हुए स्मारिका तैयार करना बड़ी उपलब्धि है जो समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष अजय गुप्ता



बजरंगी एडवोकेट ने कहा कि कसौधन एवं वैश्य समाज के लिए वर वधू चयन में स्मारिका का लाभ समाज को प्राप्त होगा। इस दौरान प्रमुख रूप से घनश्याम दास गुप्ता,रमेश चन्द्र गुप्ता,अशोक कुमार गुप्ता,गौरव गुप्ता,रामप्रकाश गुप्ता,बजरंग लाल कसौधन, जयराज गुप्ता,सुशांत गुप्ता,अजय गुप्ता बजरंगी,दुर्गा प्रसाद गुप्ता,श्रीप्रकाश गुप्ता,विनोद कुमार गुप्ता,बिट्ठल दास,विजय गुप्ता,धर्मेंद्र कुमार गुप्ता,कृष्ण मुरारी गुप्ता,मानिक चन्द गुप्ता,जगदीश प्रसाद गुप्ता,अनुराग गुप्ता,सियाराम चन्द गुप्ता,संजय कुमार वैश्य,गुलाब चन्द कसौधन,संजीव कुमार गुप्ता,संजय गुप्ता,दिलीप कुमार,शिव कुमार गुप्ता,मनोज कुमार वैश्य,अशोक गुप्ता,मनोज कुमार गुप्ता,अमर नाथ गुप्ता,रामनारायण गुप्ता,राजकुमार गुप्ता,विनोद कुमार गुप्ता,सुधीश चंद गुप्ता आदि उपस्थिति रहे।

## काशी काव्य गंगा साहित्यिक मंच की 150 वीं गोष्ठी धूमधाम से मनाया गया



संजय कुमार, स्थानीय संपादक
75220 05202
प्रदेश स्वराज

वाराणसी, काशी काव्य गंगा साहित्यिक मंच पंजीकृत, वाराणसी की साप्ताहिक 150 वीं गोष्ठी शनिवार को मेरे कार्यालय श्रीवास्तव म्युचुअल फंड सनबीम लहरतारा, यादव कटरा चन्दुआ छित्तुपुरा वाराणसी में होली मिलन समारोह के रूप में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। इस गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ दोहाकार श्री दिनेश दत्त पाठक, मुख्य अतिथि श्री सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध, संचालन श्री मुनींद्र पाण्डेय मुन्ना ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष भुलक्कड़ बनारसी ने सभी उपस्थित कवियों व शायरों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया, तदोपरान्त सरस्वती वंदना सिद्धनाथ शर्मा ने कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। आज की गोष्ठी में उपस्थित कवियों और शायरों में हास्य व्यंग्य कवि भुलक्कड़ बनारसी, मुनींद्र पाण्डेय मुन्ना, जयप्रकाश मिश्र धानापुरी, बैजनाथ श्रीवास्तव, गणेश सिंह प्रहरी, सुबोध सिन्हा, अवधेश मिश्र मधुप, सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध, दिनेश दत्त पाठक, डा. विनोद स्वामी, आयुष उपाध्याय, टीकाराम आचार्य, शिवमूरत पाल, रामनारायण पाण्डेय, सत्यनारायण जी, व किशन यादव इत्यादि रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संस्था के अध्यक्ष भुलक्कड़ बनारसी ने किया , उसके उपरांत गोष्ठी को अल्पाहार के बाद विश्राम दिया गया।

## भाजपा नव निर्वाचित पदाधिकारियों को अग्रहरी समाज ने दिया बधाई



संजय कुमार, स्थानीय संपादक
75220 05202
प्रदेश स्वराज

गोरखपुर -भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव जी के आवास पर अग्रहरि समाज गोरखपुर अध्यक्ष विमल अग्रहरि महामंत्री सुशील अग्रहरी कोषाध्यक्ष अरविंद अग्रहरि .वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप अग्रहरि उपाध्यक्ष जितेंद्र अग्रहरि उपाध्यक्ष रितेश अग्रहरि मनोज अग्रहरि .मनोज कुमार अग्रहरी r सूर्य प्रकाश अग्रहरि . राय करन अग्रहरि शैलेश अग्रहरि सुनील अग्रहरि मनीष अग्रहरि अपने सभी पदाधिकारी के साथ अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया अध्यक्ष विमल अग्रहरि ने कहा कि हमारा समाज माननीय अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव जी का बहुत जल्द अपने समाज की तरफ से सम्मानित करेगा .महामंत्री सुशील अग्रहरी ने देवेश जी को बधाई दी शुभकामनाएं दिया .

## रेलवे कर्मचारियों का अखिल भारतीय विरोध सप्ताह प्रारंभ



संजय कुमार, स्थानीय संपादक
75220 05202
प्रदेश स्वराज

गोरखपुर 17 मार्च रेलवे के मान्यता प्राप्त यूनियन एन० एफ० आई० आर० ( नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मैन) के आह्वान पर रेलवे कर्मचारी पूरे देश में 17 मार्च से 21 मार्च तक अखिल भारतीय विरोध सप्ताह मना रहे हैं, किसी मांग है कि यूपीएस कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन के बराबर पेंशन दिया जाए, तथा उनके अंशदान के पैसे को सेवानिवृत्ति के समय ब्याज सहित कई सहित उन्हें है वापस किया जाए गोरखपुर में आज पीआरकेएस के महामंत्री विनोद कुमार राय के आह्वान पर हो रहे विरोध सप्ताह के प्रथम दिन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद गोरखपुर के अध्यक्ष रुपेश कुमार श्रीवास्तव अपने साथियों के साथ पहुंचकर इस विरोध प्रदर्शन को अपना समर्थन दिए।विरोध सभा को संबोधित करते हुए रुपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने इस तरह के आंदोलन और विरोध समय हमेशा आपके साथ है।इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष का रूपेश कुमार श्रीवास्तव मदन मुरारी शुक्ल गोविंद जी इंजीनियर रामसमुझ राजेश कुमार मिश्र इजहार अली सहित तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री डा. संजय कुमार निषाद के बयान पर खैरुल बशर का पलटवार
### मंत्री जी बतायें, 30 करोड़ मुसलमान भारत छोड़कर कहां जाये : खैरुल बशर

संजय कुमार, स्थानीय संपादक
75220 05202
प्रदेश स्वराज



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के कद्दावर कैबिनेट मंत्री डा. संजय कुमार निषाद के होली खेलने वाले बयान पर ऑल इण्डिया ओबीसी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष, इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी के संरक्षक एवं वरिष्ठ काउंसलर खैरुल बशर ने कहा कि 30 करोड़ मुसलमान भारत छोड़कर कहां जायें। एक जिम्मेदार मंत्री का गैर जिम्मेदाराना बयान अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि मंत्री जी का कहना है कि ₹जिनको रंगों से परहेज़ है, वो देश छोड़कर चले जायें, उन्हें रंगों से दिक्कत हो, तो उन्हें घर के अंदर वहीं रहना चाहिए, उन्हें देश छोड़ देना चाहिए₹। बशर ने कहा कि इस तरह का रंगों में नफरत घोलना कहीं से भी समाज हित में नहीं है। मंत्री जी ने जब बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के लिखे हुए संविधान की शपथ लेकर मंत्री बने थे, तो उन्होंने यह कसम नहीं खाई थी कि जिन्हें रंगों से परहेज हो, तो उन्हें देश छोड़ देना चाहिए। बल्कि उन्होंने ने अपने शपथ ग्रहण में यह कसम खाई थी कि पीड़ितों को न्याय दिलायेंगे, किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, किसी के साथ भेदभाव नहीं करेंगे, इस बात का उन्होंने मंत्री पद का शपथ लेकर देश व समाज सेवा में तत्पर रहने की कसम खायी थी। उन्होंने कहा कि मंत्री जी बतायें कि देश का 30 करोड़ मुसलमान देश छोड़कर कहां जायेगा। मुसलमानों के खिलाफ नफरत की बातें करना संविधान में दिये गये अधिकारों की अवहेलना है। बशर ने कहा कि कैबिनेट मंत्री डा. संजय कुमार निषाद की सियासी परवरिश मुसलमानों के बीच हुई है और आज वह मुसलमानों के एहसानों को भूलकर नफरत की बात करते हैं। जो देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने की बजाय कमजोर कर रहे हैं। सूरत तो उम्र के हिसाब से बदल जायेगी लेकिन अच्छा स्वभाव जीवन भर साथ देती रहेगी। मंत्री जी समाज में अच्छा आचरण करते हुए अपनी सियासत करें जो समाज और देश हित की श्रेणी में आता हो।

## हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदान :केशव प्रसाद मौर्य



संजय कुमार, स्थानीय संपादक
75220 05202
प्रदेश स्वराज

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि उत्पीड़न , भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।




## हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश अधिवेशन में गूंजा हिन्दू राष्ट्र निर्माण, रामराज्य और राष्ट्रवाद का नारा - बी एन तिवारी

संजय कुमार, स्थानीय संपादक
75220 05202
प्रदेश स्वराज



अखिल भारत हिन्दू महासभा दिल्ली प्रदेश अधिवेशन हिन्दू राष्ट्र निर्माण, रामराज्य स्थापना और राष्ट्रवाद के नारे के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। अधिवेशन में विजेंद्र सिंह राजू पार्चा ने प्रदेश अधिवेशन में अपने पद का दायित्व संभाला। अधिवेशन मे उपस्थित प्रतिनिधियों ने विजेंद्र सिंह राजू पार्चा को प्रदेश अध्यक्ष की शक्तियां सौंपी। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिवेशन के मुख्य अतिथि हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने संबोधन में हिन्दू महासभा के इतिहास और भावी रणनीति की प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए उन्हें भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने और रामराज्य की स्थापना का संकल्प दिलवाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने देश विभाजन की विभीषिका का वर्णन करते हुए कहा कि इस्लामिक राष्ट्र पाकिस्तान लेने के बाद भी जेहादी शेष भारत का इस्लामीकरण करने पर निरंतर आमादा है। हिन्दू महासभा शेष भारत का इस्लामीकरण किसी भी कीमत पर नहीं होने देगी और भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाए बिना विश्राम नहीं करेगी। उन्होंने अधिवेशन में उपस्थित प्रतिनिधियों को जाती पाती की करो बिदाई हिन्दू हिन्दू भाई भाई का संकल्प दिलवाते हुए जातिविहीन समरस समाज का निर्माण करने की अपील की। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह ने अपने संबोधन में विजेंद्र सिंह राजू पार्चा को तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभालने पर शुभकामनाएं दी उनसे प्रदेश संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा ने अपने संबोधन में हिंदुओं के लिए शास्त्र और शस्त्र धारण कर राष्ट्रवाद को प्रज्ज्वलित कर देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प दिलवाया।

दैनिक प्रदेश स्वराज में सुनहरा अवसर !

जिला प्रतिनिधि एवं संवाददाता की आवश्यकता

यदि आप पत्रकारिता में रुचि रखते हैं और अपनी पहचान बनाना चाहते हैं, तो यह सुनहरा अवसर आपके लिए है ! दैनिक प्रदेश स्वराज अपने विभिन्न जिलों के लिए प्रतिनिधि एवं संवाददाता की भर्ती कर रहा है।




हमारे प्रतिष्ठित समाचार पत्र में जन्मदिन, श्रद्धांजलि, निविदा, जाहिर सूचना, क्लासिफाइड एवं अन्य विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु संपर्क करें।

अभी कॉल करें: [7522005202]
संजय कुमार , स्थानीय संपादक
दैनिक प्रदेश स्वराज, (उ.प्र.)

# डीएम की अवैध खनन पर सख्ती,ट्रैक्टर -ट्रॉलियों के साथ अवैध बालू भंडारण जब्त

## जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने की इस ऑपरेशन की अगुवाई,तड़के सात बजे खुद संभाली कमान

नितेश चंद श्रीवास्तव। स्टेट हेड
-9450501483
प्रदेश स्वराज





गोण्डा। जिले में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सुबह तड़के छापेमारी अभियान चलाया। खुद जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस ऑपरेशन की अगुवाई की, जिसमें कई अवैध खनन गतिविधियों का पर्दाफाश हुआ। डीएम के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई में दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गईं, जबकि एक गांव में 100 घनमीटर अवैध बालू का भंडारण पकड़ा गया।डीएम के निर्देश पर उपजिलाधिकारी तरबगंज ने यह प्रवर्तन अभियान चलाया। ट्रैक्टर-ट्रॉली को जांच के दौरान पकड़ा गया। मौके पर मौजूद वाहन स्वामी राजकुमार और चालक मनोज कुमार से वैध खनन परिवहन पास मांगा गया, लेकिन वे दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में पाया गया कि इस ट्रैक्टर-ट्रॉली में 5.72 घनमीटर बालू लोड था। नियमानुसार इस वाहन को उमरीबेगमगंज में जब्त कर लिया गया। छापेमारी के दौरान प्रशासन ने ग्राम ऐली परसोली, तहसील तरबगंज में प्रधान मनिराम यादव के ठिकाने पर भी जांच की। वहां 100 घनमीटर अवैध रूप से संचित बालू पाया गया। ग्राम प्रधान ने सफाई दी कि यह बालू गांव में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण के लिए लाया गया है, लेकिन वैध दस्तावेज न होने के कारण प्रशासन ने खनन विभाग को रिपोर्ट सौंपने और आवश्यक जांच के निर्देश दिए। इसी अभियान में प्रशासन ने एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली वाहन संख्या यूपी43टी 2460 को भी पकड़ा। इस वाहन में लगभग 30 घनमीटर बालू लोड था, लेकिन चालक अनिल कुमार निवासी सुभागपुर, थाना कौड़िया के पास वैध अभिवहन पास नहीं था। इसके अलावा, जांच के दौरान राहुल सिंह (निवासी अनभुला, भाग नकंवा, गोंडा) भी अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त पाए गए। प्रशासन ने इन सभी के खिलाफ खनिज नियमावली 2021 के नियम 72(1) तथा खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 एवं 21 के तहत कार्रवाई की।पकड़े गए सभी वाहनों को नियमानुसार जब्त कर उमरीबेगमगंज में जिलाधिकारी की निगरानी में रखा गया है। अब ये वाहन अदालत के आदेश तक प्रशासन की अभिरक्षा में रहेंगे।इस बड़ी कार्रवाई के बाद जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्पष्ट संदेश दिया कि जिले में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के औचक निरीक्षण और छापेमारी अभियान जारी रहेंगे, ताकि खनन माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके। जांच से जुड़ी संपूर्ण रिपोर्ट खनन विभाग को भेज दी गई है, ताकि विधिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अवैध खनन पर नजर रखी जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## सरकार की लाभकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना लक्ष्यः जनार्दन तिवारी



संजय कुमार, स्थानीय संपादक
75220 05202
प्रदेश स्वराज

गोरखपुर भाजपा जिलाध्यक्ष के रूप में जनार्दन तिवारी के नाम की घोषणा होने के उपरान्त से ही कार्यकर्ताओं के बधाइयों का तांता लगा हुआ है रविवार को नाम घोषणा होंने के उपरान्त जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने गोरखनाथ मन्दिर पहुँच कर गोरक्षपीठ का आर्शीवाद लिया फिर संघ कार्यालय जाकर प्रान्त प्रमुख से मिले। सोमवार को भी कार्यकर्ता पदधिकारियों का हुजूम कार्यालय पर दिखा, देर शाम तक कार्यकर्ता अपने नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष को बधाई देने पहुंचते रहे। कार्यकर्ताओं की बधाई स्वीकार करते हुए जनार्दन तिवारी ने कहा कि संगठन की मजबूती के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के नेतृत्व चल रही भाजपा सरकार की लाभकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना ही हम सबका लक्ष्य है। 2027 में एकबार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनेगी, इस लक्ष्य के साथ गोरखपुर की सभी विधानसभा सीटों को ऐतिहासिक मतों से जीत सुनिश्चित कराने का संकल्प लेकर देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए संगठन मजबूत करेंगे।

## भव्य रंगोत्सव काव्य गोष्ठी, सूर्य रश्मि व आखिरी मंजिल का विमोचन संपन्न




संजय कुमार, स्थानीय संपादक
75220 05202
प्रदेश स्वराज

आराधिका साहित्यिक मंच एवं शब्द सिदिक्षा साहित्यिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में 'रंगो के पर्व होली' के उपलक्ष्य में भव्य आनलाइन काव्य गोष्ठी/ पुस्तक विमोचन का आयोजन किया गया। 07 मार्च 2025, संध्या 4:00 बजे से रात्रि 8: 00 बजे तक निरंतर 4:00 घंटे तक गतिमान रहकर भव्यता के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता का दायित्व मंच पर उपस्थित सभी वरिष्ठों को संयुक्त रूप से देकर सम्मानित किया गया। काव्यगोष्ठी का शुभारंभ वरिष्ठ कवि कमलेश विष्णु सिंह 'जिज्ञासु'(दिल्ली) की वाणी वंदना से हुआ। तत्पश्चात संस्थापक द्वय निधी बोथरा जैन, सतीश शिकारी, महासचिव सुधीर श्रीवास्तव, सलाहकार अनिता बाजपाई (वर्धा) ने सभी साहित्यकारों का अभिनन्दन करते हुए होली की महत्ता को रेखांकित करते हुए सभी का स्वागत अभिनंदन कर बधाइयां शुभकामना दी। इसके बाद आराधिका राष्ट्रीय मंच द्वारा प्रकाशित साझा संकलन सूर्य रश्मि भाग -3 व मंच की मानद संरक्षिका स्व. सरोज गर्ग 'सरू' के काव्य संग्रह 'आखिरी मंजिल' का विमोचन डा. निधी बोथरा जैन ने किया।तत्पश्चात काव्य पाठ का सिलसिला शुरू हुआ।कुल 50 कवियों कवयित्रियों ने अपनी होली विषयक विविध मनमोहक प्रस्तुतियों से काव्य गोष्ठी को ऊंचाइयों तक पहुँचाया। सतीश शिकारी, बसंत श्रीवास एवं अनीता बाजपाई ने कुशल मंच संचालन के द्वारा काव्यगोष्ठी को सफलता प्रदान की। आयोजन को सफल बनाने में दोनों मंचों के पदाधिकारियों/ वरिष्ठ कवियों कवयित्रियों का सराहनीय योगदान रहा। सभी पदाधिकारियों और शुभचिंतकों की सक्रिय, गरिमामय उपस्थिति से आयोजन को सफल बनाने में सफलता प्राप्त हुई।अंत में अनीता बाजपाई ने सभी अतिथियों एवं साहित्यकारों का आभार ज्ञापित करते हुए भव्य काव्य गोष्ठी के विराम की घोषणा की।

# मा. राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री स्कूल किट का किया वितर

## विभिन्न विभागों के स्टालों का किया निरीक्षण, जनपद के विभिन्न नवाचारी/अभिनव प्रयासों की सराहना की।

संजय कुमार, स्थानीय संपादक
75220 05202
प्रदेश स्वराज



महाराजगंज 17 मार्च 2025, आनंदी बेन पटेल, मा. राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा आज जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री स्कूल शैक्षणिक किट सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र, आयुष्मान कार्ड, क्षय रोगियों के लिए पोषण पोटली, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण को आवास की चाभी, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्प देकर उनका स्वागत किया। मा. राज्यपाल द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा, कृषि व उद्यान, पंचायतीराज विभाग और पशुधन व मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित स्टालों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मा. राजपाल ने सभी स्टालों को सराहते हुए उनके द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उनके द्वारा जनपद के 10 आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री स्कूल शैक्षणिक किट का वितरण किया गया। उक्त किट को भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, एक्सिस बैंक, बड़ौदा उप्र ग्रामीण बैंक सहित विभिन्न बैंकों के सहयोग से जनपद के 200 आंगनबाड़ी केंद्रों को प्रदान किया जा रहा है। साथ ही 220 नवीन चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र 05 व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण, 05 क्षय रोगियों को पोषण पोटली/किट का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत वनटांगिया ग्रामों के आवास निर्माण हेतु चयनित 05 पात्र व्यक्तियों को स्वीकृति पत्र का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत मूसहर जाति के चयनित 05 पात्र व्यक्तियों को स्वीकृति पत्र का वितरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 5 पात्र कृषक को स्वीकृति पत्र/प्रमाण-पत्र का वितरण, 05 कृषको को अनुदान पर कृषि यंत्र का वितरण किया गया। साथ ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 05 लाभार्थियों को बेबी किट, 05 किसानों को बीज वितरण, ओडीओपी योजना के तहत 02 लाभार्थियों को टूलकिट व वित्तपोषण सहायत के अंतर्गत 03 लाभार्थियों को रुपए 10.00 लाख के डेमो चेक और पंचायत कल्याण कोष योजना के तहत 02 लाभार्थियों को रुपए 10 लाख की अनुग्रह धनराशि का वितरण मा. राज्यपाल महोदया के कर कमलों से संपन्न हुआ।

## रूल ऑफ लॉ सोसायटी के तत्वावधान में दिया गया ज्ञापन



संजय कुमार, स्थानीय संपादक
75220 05202
प्रदेश स्वराज

बहराइच।रूल ऑफ लॉ सोसायटी के तत्वावधान में संगठन पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री व मा० राज्यपाल उत्तरप्रदेश को संदर्भित प्रभारीनगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर बीते दिवस लखनऊ में हुए अधिवक्ताओं पर अमानवीय व बर्बरतापूर्ण कार्यवाही करने वाले दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है।पदाधिकारियों ने प्रभावी कार्यवाही न किए जाने पर बड़ा आंदोलन खड़ा करने की चेतावनी भी दी है।रूल ऑफ लॉ सोसायटी अवध क्षेत्र संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट , संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी एडवोकेट , अध्यक्ष अनिल मिश्रा एडवोकेट , जिला संयोजक प्रमोद सिंह चौहान एडवोकेट , प्रवक्ता पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट ,सचिव अमित वर्मा नवोदयन एडवोकेट , बसन्त चौहान , अखिलेश श्रीवास्तव, राम गोपाल तिवारी , शेखर श्रीवास्तव आदि पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री व मा० राज्यपाल उत्तरप्रदेश को प्रेषित ज्ञापन में उल्लेख किया है की , बीते दिवस लखनऊ के गोमतीनगर इलाके में स्थित थाना विभूति खण्ड में अधिवक्ताओं को अकारण हवालात में रखकर न केवल बर्बरता पूर्वक पिटाई की गई है साथ ही उनके साथ लूटपाट भी किया गया था। पीड़ित अधिवक्ता की ओर से गम्भीर धाराओं में मुकदमा भी पंजीकृत कराया गया है बावजूद इसके अबतक चिन्हित दोषी पुलिस कर्मियों की न तो गिरफ्तारी की गई है और न ही लूटे माल की बरामदगी ही हो पाई है यह पुलिस की तानाशाही का परिचायक है।संगठन पदाधिकारियों ने चिन्हित दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग करते हुए उनके तत्काल निलंबन की भी मांग की है संगठन पदाधिकारियों का कहना है कि मांगे न माने जाने पर पूरे संगठन की ओर से बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया

सुप्रिया श्रीवास्तव (महानगर संवाददाता)
81151 87478
प्रदेश स्वराज



गोरखपुर | भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर जिला के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी व महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव का महानगर अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा कृष्ण कुमार के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प गुच्छ देकर व माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ दिया गया । इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मझवार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमृतलाल भारती व नरेंद्र महंथा महामंत्री अनिल कुमार उपाध्यक्ष राजेश पासवान, अनिल कनौजिया व अखिलेश आर्या मीडिया प्रभारी इं. बृजमोहन सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दैनिक प्रदेश स्वराज में सुनहरा अवसर !
जिला प्रतिनिधि एवं संवाददाता की आवश्यकता
यदि आप पत्रकारिता में रुचि रखते हैं और अपनी पहचान बनाना चाहते हैं, तो यह सुनहरा अवसर आपके लिए है ! दैनिक प्रदेश स्वराज अपने विभिन्न जिलों के लिए प्रतिनिधि एवं संवाददाता की भर्ती कर रहा है।
हमारे प्रतिष्ठित समाचार पत्र में जन्मदिन, श्रद्धांजलि, निविदा, जाहिर सूचना, क्लासिफाइड एवं अन्य विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु संपर्क करें।
अभी कॉल करें: [9826346902]
सतीश चौहान , संपादक
दैनिक प्रदेश स्वराज, (म.प्र.)

# अर्वाचीन इंडिया स्कूल फॉर होलिस्टिक लर्निंग में हवन के साथ नया सत्र शुरू



प्रदेश स्वराज ▶ सतीश चौहान
98263 46902

**बुरहानपुर।** अर्वाचीन इंडिया स्कूल फॉर होलिस्टिक लर्निंग ने अपने नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत स्कूल परिसर में आध्यात्मिक रूप से उत्थानकारी हवन-पूजन समारोह के साथ की गई। गायत्री परिवार के पूज्य पुजारियों ने वेद मंत्रो के उच्चारण के साथ यज्ञ हवन एवं पूजन किया। हवन-पूजन में डायरेक्टर श्रीमती राखी मिश्रा, अमित मिश्रा, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और छात्रों ने आहुतियां दी और विद्या की देवी सरस्वती का वंदन किया। सभी ने नए शैक्षणिक वर्ष में विकास, सफलता और समृद्धि के लिए उनका आशीर्वाद मांगा। नए सत्र में पधारे सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया। इस हवन कार्य के बाद ही विद्यालय में नए सत्र की शुरूआत हुई और शिक्षण कार्य प्रारंभ किया गया।हवन का आरंभ विघ्नहर्ता श्री गणेश के पूजन से हुआ। इसके बाद सरस्वती पूजन किया गया। जिसमें कामना की गई कि मां शारदा सबको सद्बुद्धि, विभिन्न कलाएं एवं मेघा दें। हवन समारोह ने न केवल नए सत्र की शुरुआत को चिह्नित किया, बल्कि छात्रों के समग्र विकास को पोषित करने, शैक्षणिक उत्कृष्टता को आध्यात्मिक कल्याण के साथ जोड़ने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया। शांत वातावरण और सामूहिक प्रार्थनाओं ने सकारात्मकता और आशावाद की भावना को बल दिया, जिससे आने वाले महीनों के लिए एक सामंजस्यपूर्ण माहौल तैयार हुआ।श्रीमती राखी मिश्रा ने विद्यार्थियों की सफलता की कामना करते हुए उन्हें नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष नए सत्र का आरंभ सरस्वती पूजा तथा हवन से करवाया जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों में आस्था तथा आत्मबल की स्थापना तथा सद्विचारों को जागृत करना है।अमित मिश्रा ने कहा कि हवन का प्राणियों के लिए बहुत महत्व है इससे पर्यावरण शुद्धि के साथ-साथ आत्मिक शुद्धता भी होती है। इस संसार मे गुरू का स्थान सर्वोपरि है आज गुरू ही है जो सच्चा मार्ग दिखा सकता है। इसलिए शास्त्रों में गुरू का स्थान ईश्वर के समान बताया गया है ।





## पुरानी पेंशन बहाली की मांग तेज, 1 अप्रैल को काला दिवस, 1 मई को जंतर मंतर पर प्रदर्शन

प्रदेश स्वराज ▶ सतीश चौहान
98263 46902

मध्य प्रदेश कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम (NMOPS) के प्रांतीय संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने जानकारी दी कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 1 अप्रैल को प्रदेशभर में काला दिवस मनाया जाएगा। वहीं, मजदूर दिवस (1 मई) को दिल्ली के जंतर मंतर पर बड़ा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि वर्ष 2005 में पुरानी पेंशन योजना (OPS) को बंद कर दिया गया था, जिसके खिलाफ लगातार आंदोलन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में बुरहानपुर के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को ज्ञापन सौंपा गया था। उन्होंने भी कर्मचारियों का समर्थन किया और आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा NMOPS के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु के नेतृत्व में यह आंदोलन लगातार जारी है।



कर्मचारियों का कहना है कि नई पेंशन योजना (NPS) से जीवन यापन मुश्किल हो गया है, जबकि सरकार द्वारा लाई गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) भी कर्मचारियों के भविष्य के लिए लाभदायक नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष परमानंद डेहरिया के नेतृत्व में इस आंदोलन को प्रदेश स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा। बुरहानपुर संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक डॉ. अशफाक खान, जिला अध्यक्ष अनिल बाविस्कर, संयोजक विजय राठौड़, धर्मेंद्र चौकसे, राजेश साल्वे, ठाकुर हेमंत सिंह, श्रीमती प्रमिला सगर, श्रीमती कल्पना पवार, ठाकुर अरविंद सिंह, हीरालाल प्रजापति, राजेश पाटील सहित अन्य कर्मचारी इस आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

# नगर निगम में अनियमितता का आरोप, नेपानगर विधायक मंजू दादू ने विधानसभा में की जांच की मांग

प्रदेश स्वराज ▶ सतीश चौहान
98263 46902

बुरहानपुर नगर निगम में नियमों के उल्लंघन का गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें 10 कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ नियमों को दरकिनार कर दिए जाने का आरोप लगा है। इस मुद्दे को नेपानगर विधायक मंजू दादू ने विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाया और सरकार से विशेषज्ञ समिति गठित कर निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। विधायक का कहना है कि यदि अनियमितता साबित होती है, तो दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



### कर्मचारियों के हित में उठी आवाज

विधायक मंजू दादू ने सदन में कहा कि भाजपा सरकार हमेशा कर्मचारी हितैषी रही है और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने बताया कि बुरहानपुर नगर निगम में पिछले 20 वर्षों से भाजपा के महापौर पदस्थ हैं, जिन्होंने कर्मचारियों के हित में कई निर्णय लिए हैं। 2019 में एमआईसी की बैठक में सर्वसम्मति से समयमान वेतनमान का लाभ देने का निर्णय लिया गया, लेकिन नियमों की अनदेखी कर 10 कर्मचारियों को विभागीय छानबीन समिति की स्वीकृति से 11 महीने पहले ही वेतनमान का लाभ दे दिया गया।

### जांच की जरूरत, केवल दो सदस्यों के हस्ताक्षर

समयमान वेतनमान का लाभ देने से पहले विभागीय छानबीन समिति से अनुमोदन आवश्यक होता है, लेकिन इस मामले में पहले लाभ दिया गया और बाद में मंजूरी ली गई। चार सदस्यों की समिति में केवल दो सदस्यों के हस्ताक्षर पाए गए। इनमें से एक सदस्य खुद उन कर्मचारियों की सूची में शामिल थे, जिन्हें यह लाभ दिया गया।

### आयुक्त ने सदन में दी गलत जानकारी

विधायक ने कहा कि नगर आयुक्त ने सदन में गलत जानकारी प्रस्तुत की और कई कर्मचारियों को इस लाभ से वंचित रखा गया। गोपनीय चरित्रावली (CR) नहीं होने को देरी का कारण बताया गया, जबकि CR बनाना नगर आयुक्त की जिम्मेदारी थी, न कि कर्मचारियों की। कर्मचारियों को स्वमूल्यांकन पत्र (Self Appraisal Report) देने की पावती भी निगम के पास नहीं है।

### विधायक की निष्पक्ष जांच की मांग

मंजू दादू ने सदन से अनुरोध किया कि भाजपा सरकार में ऐसे निरंकुश अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो। नगर आयुक्त लगातार 5 वर्षों से पदस्थ हैं और इनके कार्यकाल में कर्मचारी प्रताड़ित हुए हैं। विधायक ने कहा कि इस तरह की लापरवाही से सरकार की छवि धूमिल हो रही है, इसलिए विशेषज्ञ समिति गठित कर निष्पक्ष जांच की जाए ।इस मामले को लेकर कर्मचारियों में नाराजगी है, और अब यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर तूल पकड़ सकता है।

## जनप्रतिनिधियों और अफसरों के बीच बढ़ता टकराव, बुरहानपुर में भाजपा पार्षदों ने दी आंदोलन की चेतावनी



प्रदेश स्वराज ▶ डॉ.प्रवीन पाटिल
90094 07529

बुरहानपुर, देशभर में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद और समन्वय की चुनौती लगातार बनी हुई है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के बुरहानपुर नगर निगम के भाजपा पार्षदों ने सोमवार को निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव को एक शिकायत पत्र सौंपा, जिसमें प्रभारी कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू और टाइम किपर विवेक बिसेन पर दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।पार्षदों का कहना है कि जब वे आम जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर इन अधिकारियों के पास जाते हैं, तो उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिलता। उन्होंने आरोप लगाया कि इन अधिकारियों का रवैया असंवेदनशील और अपमानजनक है, जिससे संवाद स्थापित करना मुश्किल हो जाता है। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि इन अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस विरोध में भाजपा पार्षद अमित नवलखे, ऐजाज अशरफी, गौरव शुक्ला, अनिल विस्पुते, रितेश सरोदे, महेंद्र इंगले और भारत इंगले सहित अन्य पार्षद भी शामिल रहे। नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ।गौरतलब है कि देशभर में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत लगातार महसूस की जा रही है। इस तरह के विवाद केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी सुशासन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं।

# देशभर में पेयजल सुरक्षा पर जोर: जिला जल स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

प्रदेश स्वराज ▶ डॉ.प्रवीन पाटिल
90094 07529

बुरहानपुर। श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ समाज द्वारा पाश्र्वनाथ भगवान की 25वीं प्रतिष्ठा उत्सव एवं मणिभद्र वीरधाम मंदिर के जीणेद्वारा ध्वजा महोत्सव के उपलक्ष पर मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य द्वारा द्वारा पुष्प वर्षा की गई। मंच के प्रचारमंत्री रामकुमार अग्रवाल ने बताया कि इस शोभायात्रा में मुनि श्री धर्मरत्न1008 आचार्य श्री श्री राजचंद्र सुरिश्वरजी महाराज का मंच द्वारा स्वागत कर मंच के सदस्यों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रामेश्वर मंत्री, सत्यनारायण पुरोहित,संदीप पारीक एवं परमेश्वर शर्मा द्वारा शोभायात्रा में सभी वैष्णव को जल वितरण किया गया स इस भव्य शोभायात्रा में ऊंट घोड़े एवं बग्गीया तथा विभिन्न गाडियों में



पाश्र्वनाथ भगवान की मूर्तियां थीं स शोभायात्रा में समस्त जैन समाज के सदस्य गण उपस्थित थे स कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष दामोदर तोदी ,राजेंद्र जालान ,रविंद्र गुप्ता,प्रांतीय अध्यक्ष विशाल सेठिया ,कोषाध्यक्ष राजकरण बोथरा,सदस्य साथी दीलीप कासलीवाल,जयप्रकाश लखोटिया,वीरेंद्र जैन बडताज्या ,ललीतजी देवड़ा आदि सदस्य उपस्थित थे।

## बुरहानपुर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के तहत शहरभर में की सघन फुट पेट्रोलिंग



प्रदेश स्वराज ▶ मयूर चौहान
9340084374

**बुरहानपुर,** रमज़ान माह को देखते हुए बुरहानपुर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए हैं। सार्वजनिक स्थानों, मुख्य चौराहों, बाज़ारों, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर पुलिस की सक्रिय उपस्थिति दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशानुसार शहर के समस्त थाना क्षेत्रों में फुट पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया, जिससे कानून-व्यवस्था बनी रहे और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या भ्रामक सूचना प्रसारित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चार्ली पार्टियों एवं थाना मोबाइल टीमों को सतत निगरानी रखने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।बुरहानपुर पुलिस का यह अभियान न केवल स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा, बल्कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# सीएम हेल्पलाइन मामलों की समीक्षा: कलेक्टर हर्ष सिंह ने दिए शिकायतों के त्वरित और संतोषजनक समाधान के निर्देश

### शासन की योजनाओं पर विशेष ध्यान जनजातीय विकास पर विशेष जोर

प्रदेश स्वराज ▶ मयूर चौहान
9340084374

**बुरहानपुर,** बुरहानपुर, 17 मार्च 2025 – नागरिकों की शिकायतों के प्रभावी निराकरण को प्राथमिकता देते हुए बुरहानपुर के कलेक्टर हर्ष सिंह ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की गहन समीक्षा की। सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे व्यक्तिगत रूप से आवेदकों से संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं का संतुष्टिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।कलेक्टर सिंह ने बैठक के दौरान आवेदकों से सीधे संवाद स्थापित करने की पहल की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे शिकायतों का न केवल शीघ्र निवारण करें, बल्कि इसकी सही स्थिति को हेल्पलाइन पोर्टल पर भी दर्ज करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों पर नियमानुसार कार्यवाही होगी। बैठक में कलेक्टर सिंह ने शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे कि समाधान विषयों, पेंशन ई-केवाईसी, आवास योजना, राजस्व वसूली, आरसीएमएस प्रकरणों एवं समर्थन मूल्य पर खरीदी की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं और लाभार्थियों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करें। इसके अलावा, ₹धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान₹ के तहत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर सिंह ने जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि वे संबंधित ग्रामों में नियमित बैठकें आयोजित करें और सभी अधिकारी इन बैठकों में अनिवार्य रूप से शामिल हों, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत, अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने सभी विभागों को अपने कार्यों की निगरानी बढ़ाने और सेवा प्रदायगी में सुधार लाने के निर्देश दिए, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ नागरिकों को समय पर मिल सके।



## बिजली मेंटेनेंस के चलते 18 मार्च को कई क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित

प्रदेश स्वराज ▶ सतीश चौहान
98263 46902

**बुरहानपुर,** देशभर में विद्युत आपूर्ति के सुदृढ़ीकरण और संरचना सुधार के तहत विभिन्न राज्यों में बिजली वितरण कंपनियां नियमित मेंटेनेंस कार्य कर रही हैं। इसी क्रम में मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 18 मार्च को बुरहानपुर में 11 केवी अन्नपूर्णा फीडर का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा।शहर कार्यपालन यंत्री अभिषेक रंजन के अनुसार, मेंटेनेंस कार्य सुबह 9 बजे से 11 बजे तक चलेगा, जिसके दौरान कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में पुराना हमीदपुरा क्षेत्र, मुर्गी फॉर्म, डीएल-16 और अन्नपूर्णा क्षेत्र शामिल हैं। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि आवश्यकतानुसार बिजली कटौती की अवधि में परिवर्तन संभव है।गौरतलब है कि देशभर में बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के लिए नियमित रखरखाव और तकनीकी सुधार अत्यंत आवश्यक हैं। कई राज्यों में विद्युत वितरण कंपनियां इसी तरह मेंटेनेंस कार्य कर रही हैं ताकि बिजली कटौती की संभावनाओं को कम किया जा सके और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके।

दैनिक प्रदेश स्वराज में सुनहरा अवसर !
जिला प्रतिनिधि एवं संवाददाता की आवश्यकता
यदि आप पत्रकारिता में रुचि रखते हैं और अपनी पहचान बनाना चाहते हैं, तो यह सुनहरा अवसर आपके लिए है ! दैनिक प्रदेश स्वराज अपने विभिन्न जिलों के लिए प्रतिनिधि एवं संवाददाता की भर्ती कर रहा है।
हमारे प्रतिष्ठित समाचार पत्र में जन्मदिन, श्रद्धांजलि, निविदा, जाहिर सूचना, क्लासिफाइड एवं अन्य विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु संपर्क करें।
अभी कॉल करें: [9826346902]
सतीश चौहान, संपादक
दैनिक प्रदेश स्वराज, (म.प्र.)

# बुरहानपुर में दो आत्महत्या के मामले, मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता की आवश्यकता

प्रदेश स्वराज ▶ डॉ.प्रवीन पाटिल
90094 07529

**बुरहानपुर,** देश में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और तनावजनित आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाओं के बीच मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात दो अलग-अलग स्थानों पर आत्महत्या के मामले सामने आए। पहली घटना उपकार नगर की है, जहां 52 वर्षीय प्रदीप सिंधु गायकवाड़ ने कीटनाशक पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिवारजन उन्हें तुरंत निजी अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना फोकटपुरा लोधीपुरा इलाके में हुई, जहां 37 वर्षीय संदीप खैरे, जो सेंटिंग का कार्य करते थे, ने अपने घर में फांसी लगा ली। सोमवार सुबह करीब 6 बजे उनके छोटे भाई ने उन्हें सीढ़ियों के छज्जे से निकले लोहे के सरिए पर फंदे से लटका देखा। दोनों मृतकों का सोमवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम किया गया और पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिए। फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं, लेकिन पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।यह घटनाएं एक बार फिर मानसिक तनाव, आर्थिक दबाव और सामाजिक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत को दर्शाती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर देशभर में जागरूकता बढ़ाने, परामर्श सेवाओं को सुलभ बनाने और सामाजिक सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता है।



## जिले में विशेष टीकाकरण अभियान के तहत लगाए जा रहे टीके

**खण्डवा,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत के मार्गदर्शन में खसरा दिवस के अवसर पर 17 से 22 मार्च तक विशेष टीकाकरण सत्र लगाकर जिले में एम.आर. टीके से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनिल तंतवार ने बताया कि सोमवार को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सूचीबद्ध करें हुए, छूटे व अन्यत्र स्थान चले गये बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। इसमें मजील्स, रुबेला के साथ ही अन्य टीके से छूटे हुए बच्चों का भी टीकाकरण किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. तंतवार ने बताया कि टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारी से बचाकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। मीजल्स एक गंभीर बीमारी है। खांसने छींकने से बीमारी एक बच्चे से दूसरे बच्चे में फैलती है। बच्चे को निमोनिया, दस्त, दिमागी संक्रमण जैसी घातक जटिलताओं के प्रति संवेदनशील बना सकता है।

## हैहय कलचुरी कलाल समाज महिला मंडल द्वारा होली मिलन समारोह

प्रदेश स्वराज ▶ डॉ.प्रवीन पाटिल
90094 07529

बुरहानपुर। हैहय कलचुरी कलाल समाज महिला मंडल द्वारा होली मिलन समारोह समाज के भवन में आयोजित किया गया जिसमें सभी महिलाओं ने रंगा रंग गीत, कविता फाग अंताक्षरी डांस आदि के द्वारा रंग बिरंगी होली खेली महिला मंडल ज़िला अध्यक्ष डॉ उर्मिला चैकसे ने कहा कि महिलाएं रंग.बिरंगे रंगों से हमेशा रंगी होती है परिवार का रंग, समाज का रंग, सखी सहेली, रिश्ते नाते हर रंग को निभाने में कामयाब होती हैं। राग द्वेष सब भूलकर आपस में रंगों से रंगी रंग.बिरंगी महिला मंडल एकत्रित होकर खुशियों से झूम उठी । दोनों छोटी बेटी आयूषी ने बहुत सुंदर डांस किया और सभी महिला मंडल का एक ही संदेश समाज के लिए रहता है कि आज हमारे समाज के यशस्वी अध्यक्ष आनंद प्रकाश चौकसे एवं सचिव प्रवीण चौकसे और उनकी पूरी यशस्वी टीम के प्रयासों से आज भवन बना जिसमें हम सभी महिला मंडल प्रसन्नता से होली खेल रहे हैं वर्ष में कई कार्यक्रम करते हैं हम आभारी हैं उनके और समाज के। सभी महिलाओं ने आगे के कार्यक्रम तय किये संरक्षक श्रीमती रीता चैकसे ,श्रीमती सुनीता भमौरे ,श्रीमती अभिलाषा चौकसे ,सचिव श्रीमती सुधा चौकसे ने तार्किक सुझाव दिये। श्रीमती कविता चौकसे, कोषाध्यक्ष योगिता चौकसे,श्रीमती उर्मिला चैकसे ,सरोज चौकसे,कामिनी चैकसे, स्नेहलता चौकसे ,रुचि चैकसे, रीना चौकसे,साधना चैकसे ,नीतू चौकसे ,सविता चैकसे ,ममता शिवहरे ,रुचिता चैकसे ,प्रमिला चौकसे , सीमा चैकसे , आरती चौकसे ,सोनू वैशाली चौकसे ,रक्षा चौकसे ,रचना चौकसे ,,मंदा शिवहरे, लक्ष्मी शिवहरे ,ममता शिवहरे ,सरला प्रीति पूजा शैफाली अमिता आदि महिला एकता और अखंडता के साथ अपनी संस्कृति का परिचय देते हुए एकता कायम रखती है यही समाज की दृढ़ता का प्रतीक है ।

### न्यूज़ शॉर्ट्स


## बुरहानपुर के किसान बना रहे नई पहचान, प्याज के बीज उत्पादन से हो रही लाखों की कमाई

प्रदेश स्वराज ▶ डॉ.प्रवीन पाटिल
90094 07529

बुरहानपुर, मध्य प्रदेश का बुरहानपुर जिला अब प्याज के बीज उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। यहां के अंबाड़ा, हिंगना, टिटगांव कला और उमरदा सहित 15 से अधिक गांवों के किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ प्याज के बीज उत्पादन में भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं और बेहतरीन मुनाफा कमा रहे हैं। प्याज के बीज की खेती नवंबर में शुरू होती है। किसान क्यारियां बनाकर बुवाई करते हैं और छह महीने में पौधे बड़े होकर लोटिए बना लेते हैं, जिनमें काले रंग के बीज तैयार होते हैं। कटाई और सुखाई के बाद इन्हें बाजार में बेचा जाता है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संदीप कुमार के अनुसार, जिले में 250 हेक्टेयर में रबी की फसल उगाई जा रही है और 150 से अधिक किसान प्याज के बीज उत्पादन से जुड़ चुके हैं।

हर ताज़ा खबर सीधे आप तक
सबसे पहले
खबर एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
www.pradeshswaraaj.com
Call : 9826346902
सतीश चौहान, बुरहानपुर

## श्री गोकुल चंद्र मा जी मंदिर में भव्य आयोजन: भक्तों ने लाल वस्त्रों में किए दर्शन



प्रदेश स्वराज ▶ डॉ.प्रवीन पाटिल
90094 07529

**बुरहानपुर,** मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक बुरहानपुर स्थित श्री गोकुल चंद्र मा जी मंदिर में भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। मंदिर में दितिया पाठ के पावन अवसर पर प्रभु श्री गोकुल चंद्र मा जी को भव्य साज-पिछवाई एवं नए लाल वस्त्रों से श्रृंगारित किया गया। 41 दिनों तक प्रभु परिधान किए सफेद वस्त्रों को बदलकर लाल वस्त्रों से श्रृंगार किया गया, जिससे पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। भागवत भूषण श्री हरिकृष्णा भाई मुखियाजी के आह्वान पर सभी भक्तों ने लाल वस्त्र धारण कर प्रभु के दर्शन किए। इस दिव्य अनुष्ठान में भक्तों ने गहन आस्था और उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक आदित्य भाई के नेतृत्व में एक विशेष कीर्तन संध्या आयोजित की गई, जिसमें गिरीश भाई, पंकज भाई, विनय भाई, गोकुल भाई और महेंद्र भाई ने मधुर भजनों से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कीर्तन में ₹लाल नेक भवन हमारे आवो₹, ₹नेक कुंज कृपा कर आवो₹, और ₹कुंज महल मंगल हेरि₹ जैसे सुंदर भजन गाए गए। सुबह भक्तों ने प्रभु के राजभोग दर्शन किए और यमुना जी की विशेष आरती संपन्न हुई। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया।

## 30 मार्च से 6अप्रैल श्रीराम कथा रू साढ़े तीन करोड़ राम नाम जप अनुष्ठान की पुर्णाहुति होगी

प्रदेश स्वराज ▶ डॉ.प्रवीन पाटिल
90094 07529

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर। संत श्री शंकरदास महाराज के साढ़े तीन करोड़ राम नाम जप अनुष्ठान की पुर्णाहुति ग्राम खारी में 30 मार्च से 6अप्रैल श्रीराम कथा होने जा रही है , उसके अंतिम दिवस में पुर्णाहुति 6 अप्रैल श्रीराम नवमी को होने जा रहा है। 7 अप्रेल को विशाल भंडारे का आयोजन होंगा। परमपूज्य संत श्री शंकरदास जी महाराज ने तीन वर्षों में साढ़े तीन करोड़ राम नाम जप का अनुष्ठान पूर्ण किया है। इस पावन अवसर पर उनकी राम नाम जप की पूर्णाहुति के निमित्त 30 मार्च से 6 अप्रैल राम नवमी तक दिव्य श्रीराम कथा एवं भव्य अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज ग्राम की बैठक शंकरदास महाराज ने ली। नौ दिवसीय श्रीराम कथा प्रतिदिन दोपहर में पूज्य कथावाचक श्री मुक्तानंद महाराज श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। संत श्री शंकरदास जी महाराज ने बताया प्रतिदिन 108 जोड़े रामायण पाठ करेंगे ओर प्रतिदिन 9 जोड़े श्रद्धालु यज्ञ में भाग लेंगे। गोविंद चव्हाण ओर विजय चव्हाण ने बताया प्रतिदिन कथा



दोपहर में कथावाचक श्री मुक्तानंद महाराज कथा करेंगे। रात्रि में संत श्री शंकरदास जी महाराज का दिव्य प्रवचन होगा। 6 अप्रैल श्रीराम नवमी के शुभ दिन संत श्री शंकरदास जी महाराज के साढ़े तीन करोड़ राम नाम जप अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी एवं 7 अप्रेल को विशाल महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा । इस दौरान गाँव के प्रबुद्ध गण ओर युवा उपस्थित थे।

## नेपानगर की ग्राम पंचायत में वित्तीय अनियमितता के आरोप, जांच के बावजूद कार्रवाई नहीं




प्रदेश स्वराज ▶ डॉ. मनोज गोरे
94240 26198

**नेपानगर,** नेपानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत हैदरपुर में वित्त आयोग की राशि में कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने सरपंच सरोज गवले और तत्कालीन सचिव अशोक वानखेड़े पर 5वें और 15वें वित्त आयोग की राशि के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए हैं।

### शिकायत और जांच

शिकायतकर्ताओ ने कलेक्टर कार्यालय में लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 में सरपंच ने तत्कालीन सचिव के साथ मिलकर बिना तकनीकी स्वीकृति लिए और बिना पारदर्शिता के राशि खर्च की।26 फरवरी 2024 को हुई शिकायत के बाद जांच हुई, जिसमें आरोपों को सही पाया गया। अपर कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने 18 जून 2024 को मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 89 के तहत मामला दर्ज किया। जांच में 11 लाख 3 हजार 369 रुपए की वसूली तय की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

### आरोपों और प्रत्यारोपों का दौर जारी

सरपंच सरोज गवले ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि 64 आवास योजनाओं की फाइल में उनके हस्ताक्षर नहीं हैं। उन्होंने पंचायत के सहायक सचिव विपुल बेंडाले पर आरोप लगाया कि वह दो वर्षों से मस्टर की जानकारी नहीं दे रहे हैं।वहीं, सहायक सचिव विपुल बेंडाले ने भी सरपंच पर अनियमितता के आरोप लगाए हैं। इसके अलावा, ग्रामीण गणेश चौहान ने भी शिकायत दर्ज कराई है कि सरपंच दस्तावेजों पर हस्ताक्षर और सील नहीं करते, जिससे प्रशासनिक कामकाज में बाधा आ रही है।

### कार्रवाई की मांग और प्रशासन की चुप्पी

ग्रामीणों का कहना है कि जांच में आरोप सिद्ध होने के बावजूद अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन द्वारा इस मामले में अगला कदम क्या होगा, इस पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।यह मामला न केवल स्थानीय प्रशासनिक कार्यप्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि देशभर में ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही की आवश्यकता को भी उजागर करता है।

## इंदौर शौर्य कुंभ की तैयारी: बजरंग दल की प्रेस वार्ता सम्पन्न, हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल

प्रदेश स्वराज ▶ डॉ.मनोज गोरे
94240 26198

बुरहानपुर, इंदौर में आयोजित होने वाले बजरंग दल शौर्य कुंभ को लेकर बजरंग दल द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें बजरंग दल विभाग संयोजक आदित्य मेहता ने बताया कि संगठन द्वारा 16 फरवरी से 29 मार्च तक पूरे मालवा प्रांत में 'जॉइन बजरंग दल' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गांव-गांव समितियों का गठन, त्रिशूल




दीक्षा कार्यक्रम, संयोजक सम्मेलन और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बजरंग दल की इस योजना के अंतर्गत संगठन को ग्राम स्तर तक मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए ग्राम समिति दर्शन कार्यक्रम, संयोजक सम्मेलन और त्रिशूल दीक्षा जैसे अभियान संचालित किए जा रहे हैं। बजरंग दल ने इस अभियान के तहत डिजिटल बारकोड भी जारी किया है, जिसे स्कैन कर कोई भी व्यक्ति सीधे संगठन की सदस्यता ले सकता है। अभी तक इस अभियान के तहत 3500 से अधिक कार्यकर्ता बजरंग दल से जुड़े हैं और 200 से अधिक ग्राम समिति दर्शन कार्यक्रम पूरे हो चुके हैं। इस अभियान के माध्यम से जुड़ने वाले सैकड़ों बजरंगी इंदौर में आयोजित होने वाले बजरंग दल शौर्य कुंभ में शामिल होंगे और अपनी संगठन शक्ति का प्रदर्शन करेंगे। प्रेस वार्ता में विभाग मंत्री निलेश महाजन, जिला उपाध्यक्ष सुधीर मिसाल, जिला मंत्री संतोष पंडित, जिला सह संयोजक रवि सालुंके मौजूद रहे।

# बुरहानपुर में साहित्यिक क्रांति: बुकिज क्लब का पुस्तकालय और ओपन माइक मंच का भव्य शुभारंभ

प्रदेश स्वराज ▶ डॉ.प्रवीन पाटिल
90094 07529

**बुरहानपुर,** मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर बुरहानपुर में साहित्य और पठन संस्कृति को नया जीवन देने के उद्देश्य से 'बुरहानपुर बुकिज क्लब' ने अपने पुस्तकालय और 'ओपन माइक' मंच की भव्य शुरुआत की। यह आयोजन शहर के साहित्य प्रेमियों और युवा रचनाकारों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण साबित हुआ। बुरहानपुर बुकिज क्लब ने न केवल एक सुव्यवस्थित पुस्तकालय का उद्घाटन किया, बल्कि ओपन माइक कॉन्सेप्ट को भी लॉन्च किया। इस पहल का उद्देश्य युवा कवियों, लेखकों, वक्ताओं और कलाकारों को एक मंच



प्रदान करना है, जहां वे अपने विचार, कविताएं, कहानियां और अनुभव साझा कर सकें। यह पहल देशभर में स्थानीय साहित्यिक समुदायों को प्रेरित कर सकती है। पुस्तकालय के उद्घाटन की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और भारतीय पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ की गई। इस आध्यात्मिक वातावरण ने पूरे कार्यक्रम को एक अलग ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम में साहित्यकारों, कवियों, लेखकों और कला प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। साप्ताहिक/मासिक साहित्यिक संध्या – प्रत्येक सप्ताह या महीने में एक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा।युवाओं के लिए मंच – युवा रचनाकार अपनी कविता, कहानी, लेख, प्रेरणादायक भाषण या अन्य प्रस्तुति साझा कर सकेंगे।प्रसिद्ध साहित्यकारों से संवाद – भविष्य में यह मंच नामी लेखकों और साहित्यकारों के साथ संवाद का माध्यम भी बनेगा। इस अनूठी पहल को साकार करने में बुकिज क्लब की टीम का विशेष योगदान रहा।संस्थापक एवं अध्यक्ष – कंचन गुरवउपाध्यक्ष – कपिल मिश्रासचिव – करण राजपूतकोषाध्यक्ष – कंचन मलानीसोशल मीडिया मैनेजर – प्रशंसा गुप्ताइवेंट कोऑर्डिनेटर्स – सौरभ गुरव, भाग्येश दलवी, मानसी दयामा, देवानंद, सिद्धांत गुप्ता यह पहल सिर्फ एक पुस्तकालय का उद्घाटन नहीं, बल्कि साहित्य और पठन संस्कृति को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस पहल को पूरे बुरहानपुर में सराहना मिल रही है, और इसे राष्ट्रीय स्तर पर साहित्यिक जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

# Triumphal Arch Academy

Run by : Seth Anil Kumar Educational Society, Burhanpur (M.P.)

ALLEN CREATES TOPPERS क्योंकि TRIUMPHAL है... तो मुमकिन है

BEST SYSTEM | BEST FACULTIES | BEST PERSONAL CARE | BEST RESULTS




**ALLEN'S Pre Nurture & Career Foundation**

**Physics, Chemistry, Mathematics, Biology, Social Science, English & Mental Ability as per CBSE Syllabus, NTSE, NSES & other OLYMPIADS**

## हमारी विशेषताएं

- योग्य एवं अनुभवी शिक्षक।
- कक्षा 6 वी से ALLEN एक्सपर्ट फेकल्टी द्वारा शिक्षण एवं प्रतियोगी परीक्षा जैसे ओलिंपियाड, JEE, NEET हेतु विशेष मार्गदर्शन।
- क्षेत्र का उत्कृष्ट कॉमर्स, विज्ञान संकाय।
- इंडोर एवं आउटडोर खेल सुविधा।
- प्रदुषण मुक्त प्राकृतिक वातावरण।
- CA, CS एवं CLAT हेतु विशेष संध्याकालीन कक्षाएं।
- सुसज्जित प्रयोगशालाएं : फिजिक्स, बायोलॉजी, केमेस्ट्री एवं कम्प्यूटर।
- CCTV एवं GPS युक्त बस सुविधा।
- पूर्णतः CCTV सुरक्षित परिसर।
- सतत् 100% परीक्षा परिणाम।



**9770529296, 8109105944, 7000612019**

Renuka Mata Road, Opp. Polytechnic College, Burhanpur (M.P.)

www.triumphalarch.in Triumphalarch_academy Triumphal arch academy

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक दिनेश शिवहरे द्वारा डिजीटल पब्लिकेशन कमल प्लाजा कॉम्प्लेक्स अमरावती रोड़ , जिला बुरहानपुर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सुभाष नगर, लालबाग रोड जिला बुरहानपुर (म.प्र) से प्रकाशित।
संपादक - दिनेश शिवहरे * (सभी वाद-विवाद बुरहानपुर न्यायालय के अंतर्गत रहेगा।)

## प्रदेश स्वराज परिवार

**दिनेश शिवहरे ***
(प्रधान :

**डॉ. प्रवि**
सह-संपादक, जिल

**संजय**
स्थानीय संपादव

**नितेश चंद श्रीवास्तव**
स्टेटहेड, (उत्तर-प्रदेश)

**दयाशंकर निगम**
(ब्यूरोचीफ, जौनपुर)

**सुप्रिया श्रीवास्तव**
महानगर संवाददाता, (गोरखपुर)

**संजना वर्मा**
जिला संवाददाता (वाराणसी,उत्तर-प्रदेश)

**पंकज श्रीवास्तव**
जिला संवाददाता, (बहराइच,उत्तर-प्रदेश)

**वंदना गोवस्वामी**
(नगर संवाददाता, बहराइच)

**इरफान कुरैशी**
संवाददाता, देडतलाई,(जिला बुरहानपुर)

**रमेश इंगले**
संवाददाता, खकनार,(जिला बुरहानपुर)

**अनिल इंगले**
संवाददाता, सिरपुर, (जिला बुरहानपुर)

**सुदामा माली**
संवाददाता, दाहीन्दा,(जिला बुरहानपुर)

**संदीपसिंह गेहलोत**
संवाददाता, इच्छापुर,(जिला बुरहानपुर)

**जितेन्द्र रघुवंशी**
ब्यूरोचीफ, (जिला-शिवपुरी )

**मनोज कुमार पाण्डे**
ब्यूरोचीफ, ( जिला-रीवा )

**भूपेन्द्र व्यवहारे**
ज्योतिषाचार्य, (जिला-बुरहानपुर )

**संपादकीय कार्यालय**
कमल प्लाजा कॉम्प्लेक्स,
अमरावती रोड, जिला बुरहानपुर (म.प्र.)

डॉ.प्रविण पाटिल
9009407529

ALWAR_06-NOV-2024.pdf

**एक नजर**

प्रदेश स्वराज ● डॉ. प्रविण पाटील
9009407529

नितेश चंद श्रीवास्तव। स्टेट हेड
-9450501483
प्रदेश स्वराज

डॉ. मनोज कुमार गोरे
94240 26198
प्रदेश स्वराज

दयाशंकर निगम। जिला ब्यूरो
94152 73271
प्रदेश स्वराज

धनंजय वडसमुद्रकर जोशी
7999411497
प्रदेश स्वराज

प्रदेश स्वराज ● सतीश चौहान
98263 46902

सुप्रिया श्रीवास्तव (महानगर संवाददाता)
81151 87478
प्रदेश स्वराज

प्रदेश स्वराज ▶ मयूर चौहान
93400 84374







